केन्द्रीय विद्यालय संगठन
*Kendriya Vidyalaya Sangathan*
18 संस्थानिक क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग
*18 Institutional Area,* **Shaheed Jeet Singh Marg**
नई दिल्ली – 110016
**New Delhi – 110016**
*Tele.:011-26858570/26514179(Fax)*
*Website:www.kvsangathan.nic.in*

कम्पयूटर सं 23321

फा.स. 11-E-3043/3/2024-Estt-III| 1132-1200.

Date: 22.02.2024

अपर सचिव (प्रशा.-II), संघ लोक सेवा आयोग, धोलपुर हाउस, शाहजहाँ रोड, नई दिल्ली-110069 से प्राप्त पत्रांक ए-35020/05/2022-प्रशा.- II दिनांकित 19.02.2024 को सूचनार्थ हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वैबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है।

22/02/2024.

नीलम
उपायुक्त (प्रशासन)

**वितरणः**

1. उपायुक्त/ निदेशक, केविसं, सभी क्षेत्रीय कार्यालय/ जीट।
2. केविसं (मु.) के सभी अधिकारी/ कर्मचारी।
3. प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय काठमांडू/ मोस्को/ तेहरान
4. महासचिव, सभी मान्य संघ।
5. उपायुक्त (ईडीपी), केविसं (मु.), नई दिल्ली को यह पत्र केविसं (मु.) की वेबसाइट के शीर्ष "सूचना पट (Announcements)" के अन्तर्गत अपलोड करने हेतु प्रेषित।
6. आर.टीआई, केविसं (मु.)
7. गार्ड फाईल।

**No.A-35020/05/2022-Admn.II**

**संघलोकसेवाआयोग**

**Union Public Service Commission**

**Dholpur House, Shahjahan Road**

**New Delhi-110069**

**Date: 19th February, 2024**

To

The Deputy Commissioner (Admn.),
Kendriya Vidyalaya Sangathan,
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg,
New Delhi - 110016.

**Subject: Filling up 01 (one) post of Library & Information Assistant (General Central Service, Group 'B', Non-Gazetted, Non-Ministerial) in Level-6 (Rs. 35,400 – Rs. 1,12,400) of the pay matrix in O/o UPSC by deputation (including Short Term Contract) basis.**

Sir/Madam,

Please refer to this office's Vacancy Circular of even no. dated **19th February, 2024** (copy enclosed) in bilingual version for filling up one (01) post of Library & Information Assistant (General Central Service, Gr. B, Non-Gazetted, Non-Ministerial) in Level-6 (Rs. 35,400 – Rs. 1,12,400) of the pay matrix in the Office of UPSC by Deputation (including Short Term Contract) basis.

**2.** It is requested to give the aforesaid Vacancy Circular wide publicity in various offices/attached offices/units under your control.

Yours faithfully,

Encl.: As above

19/02/2024

(K. N. Bhutia)
Under Secretary (Admn.II)
Union Public Service Commission
Tel. No. 011-23388476

फा.सं.ए-35020/05/2022-प्रशा.II

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,

नई दिल्ली - 110069

दिनांक: 19.02.2024

<u>रिक्ति परिपत्र</u>

**विषय: संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (रु.35,400-1,12,400) में पुस्तकालय और सूचना सहायक (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह-'ख', अराजपत्रित, अननुसचिवीय) के 01 (एक) पद को प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के आधार पर भरे जाने के सम्बन्ध में।**

संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (रु.35,400-1,12,400) में पुस्तकालय और सूचना सहायक (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह-'ख', अराजपत्रित, अननुसचिवीय) के 01 (एक) पद को प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है।

2. <u>पात्रता की शर्तें:-</u> **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)**

केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या अर्धसरकारी या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालयों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या स्वशासी या कानूनी संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी, -

**(क) i.** जिन्होंने नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है; **या**

**ii.** जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-5 में या उसके समकक्ष (रू. 29200-92300) में **नियमित आधार पर छह वर्ष की सेवा की हो, और**

**(ख)** जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते हों, अर्थातः-

**(अ) आवश्यक**

i. जो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातक हो।

ii. जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या स्वशासी या कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थान से दो वर्ष का पुस्तकालय में व्यावसायिक अनुभव रखता हो।

केसा०।
19/02/2024

**वांछनीय:**

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कंप्यूटर उपयोजन में डिप्लोमा।

**टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

**टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा की अवधि भी है), जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**3. <u>पुस्तकालय और सूचना सहायक के पद से जुड़े कार्यों और ज़िम्मेदारियों की सूची</u> :-**

**(i)** पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए पुस्तकालय के सूचीपत्रों का अनुरक्षण करना एवं उन्हें अद्यतन करना ।

**(ii)** पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर के माध्यम से पुस्तक खोजना।

**(iii)** भौतिक रूप से सत्यापन संबंधी कार्य में सहायता प्रदान करना।

**(iv)** पुस्तकालय प्रयोक्ताओं को संदर्भ एवं सूचना संबंधी सेवा प्रदान करना।

**(v)** कम्पयूट्रीकृत ग्रंथसूची का डेटाबेस तैयार तथा अद्यतन करना।

**(vi)** पुस्तकालय सूचना अधिकारी/सहायक पुस्तकालय सूचना अधिकारी की अनुपस्थिति में पुस्तकालय कार्य का पर्यवेक्षण करना।

**(vii)** पुस्तकालय अभिलेखों /परिग्रहण रजिस्टर/जर्नल मैगजीन रजिस्टर की अभिरक्षा ।

**(viii)** पुस्तकालय से संबंधित टिप्पण और प्रारूपण/बिलिंग/सीरियल कंट्रोल जैसे कार्य।

**(ix)** माननीय अध्यक्ष/सदस्यों/वरिष्ठ अधिकारियों को समाचार-पत्रों/ पत्रिकाओं के समयबद्ध वितरण की मॉनीटरिंग तथा पुस्तकालय में पुस्तकों/पत्र-पत्रिकाओं की उचित व्यवस्था एवं परिचालन व्यवस्था की देखभाल करना ।

**(x)** संदर्भ सेवाओं/दस्तावेजी कार्यों का प्रतिपादन।

**(xi)** पुस्तकालय की फाइल मूवमेन्ट।

**(xii)** अंतर-पुस्तकालयी ऋण सेवाओं का संचालन।

**(xiii)** सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य।

केसा0ा
19/02/2024

4. **<u>वेतन का विनियमन और प्रतिनियुक्ति की अन्य शर्तें</u>** :-

चयनित उम्मीदवार का वेतन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के समय-समय पर यथासंशोधित का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था.(वेतन-II) में निहित प्रावधानों के अधीन विनियमित होगा।

5. **<u>आयु सीमा</u> :-**प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

6. **<u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u>:-** प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) की अवधि आरंभ में तीन वर्ष की होगी जिसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। किसी उम्मीदवार की संघ लोक सेवा आयोग में प्रतिनियुक्ति के पद पर एक बार नियुक्ति हो जाने पर, अपने आवेदनों को दूसरे विभागों/संगठनों में प्रतिनियुक्ति के अन्य पदों पर अग्रेषित करने के लिए वह उक्त पद पर निर्धारित 03 वर्ष की प्रतिनियुक्ति की अवधि में से कम से कम 02 वर्ष की सेवा पूरी करने के उपरांत ही पात्र होगा।

7. **संघ लोक सेवा आयोग से परामर्शः** संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।

8. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षणः** प्रतियनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के आधार पर पदों को भरे जाने हेतु आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

9 उन पात्र उम्मीदवारों के निर्धारित प्रोफार्मा (अनुलग्नक-I) में बायोडाटा (दो प्रतियों में) के साथ आवेदन, जिनकी सेवाओं को चयन पर तुरंत कार्यमुक्त किया जा सकता है, अग्रेषण प्राधिकारी से प्रमाण पत्र (संलग्नक-II में प्रोफार्मा में) के साथ। प्रत्येक उम्मीदवार के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेज अलग से श्री केएन भूटिया, अवर सचिव (प्रशा.II), कमरा नंबर 216, एनेक्सी बिल्डिंग, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069 को भेजे जा सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 60 दिन है।

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र।

(ii) कर्मचारी पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई दीर्घ/लघु शास्तियों, यदि कोई हों, की सूची (यदि कोई शास्ति नहीं लगाई गई है तो 'शून्य' प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाए)।

(iii) सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र।

(iv) पिछले 5 वर्षों (2018-19 से 2022-23) की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की अनुप्रमाणित फोटोप्रतियां (भारत सरकार के कम-से-कम अवर सचिव स्तर के किसी अधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत अनुप्रमाणित)

(v) संवर्ग निकासी

**उम्मीदवारों को संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट अर्थात् <u>http:/www.upsc.gov.in/vacancy-circulars</u> पर ऑनलाइन आवेदन करना भी अनिवार्य होगा। उचित माध्यम से या अपेक्षित प्रमाण-पत्रों तथा आवश्यक दस्तावेज़ों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

केसांवा
15/02/2024

10. इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। **सरकार एक ऐसा कार्मिक बल तैयार करने के लिए प्रयासरत है, जो महिला और पुरूष कर्मियों के संतुलन को दर्शाती हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

केसाभा
19/02/2024
**(श्री केएन भूटिया)**
**अवर सचिव (प्रशा.II)**
**संघ लोक सेवा आयोग**

<u>अनुबंध-I</u>

**<u>संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के आधार पर पुस्तकालय और सूचना सहायक के पद के लिए आवेदन का प्रोफॉर्मा</u> :**

**<u>जीवन-वृत्त प्रोफॉर्मा</u>**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | नाम तथा डाक का पता (स्पष्ट अक्षरों में) दूरभाष सं. सहित | : |
| **2.** | जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) | : |
| **3.** | केन्द्रीय सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख | : |
| **4.** | शैक्षिक अर्हताएं<br>(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से एक पत्रक जोड़ें, जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत् प्रमाणित हो) | : |
| **5(क). (i)** | क्या आपने नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है; या | |
| | क्या आपने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-5 (29200-92300/-) या उसके समकक्ष में नियमित आधार पर छह वर्ष की सेवा की है, और | |
| **(ii)** | | |
| **5(ख).** | क्या आप निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते हैं :- | |

**आवश्यक**

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातक डिग्री

(ii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या स्वशासी या कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्था के अंतर्गत पुस्तकालय में दो वर्ष का व्यावसायिक अनुभव,

केसांग

**6. वांछनीय**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कम्प्यूटर उपयोजन में डिप्लोमा

**7.** रोज़गार का कालक्रमानुसार ब्यौरा (केन्द्रीय सरकार की सेवा में प्रवेश से आरंभ करते हुए) किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण सहित। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से एक पत्रक जोड़ें, जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत् प्रमाणित हो।

| कार्यालय / संगठन | वेतनमान / वेतन मैट्रिक्स में वेतन के स्तर सहित धारित पद का नाम | सेवा की अवधि | | मूल वेतन | नियुक्ति की प्रकृति<br>क्या नियमित/तदर्थ/प्रतिनियुक्ति आधार पर है। | किए गए कार्यों का पद-वार स्वरूप विस्तार से |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 10 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**8.** वर्तमान रोज़गार का स्वरूप अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या स्थायी

**9.** यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति आधार पर है, तो कृपया बताएं :

(क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख :
(ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि:
(ग) मूल कार्यालय/ संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं:

**10.** क्या आप संशोधित वेतनमान ले रहे हैं? यदि हां, तो बताएं कि किस तारीख से संशोधन हुआ और संशोधन-पूर्व वेतनमान भी दर्शाएं।

के.सां.गा
19/12/2024

| तारीख | ग्रेड वेतन सहित वेतनमान (संशोधन-पूर्व) | मूल वेतन (संशोधन-पूर्व) | वेतन के संशोधन की तारीख | 7वें सीपीसी के अनुसार संशोधित मूल वेतन | 7वें सीपीसी मैट्रिक्स में वेतन स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**11.** अब प्राप्त की जा रही कुल मासिक परिलब्धियां

**12.** ऐसी अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आप इस पद हेतु अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहते हैं, (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से एक पत्रक संलग्न करें) ।

13. अग्रेषण प्राधिकारी के नाम, टेलीफोन नं. सहित पूरा डाक पता

**14.** क्या आप अ.जा./अ.ज.जा. से संबंधित हैं?

**15.** अभ्युक्तियां

**आवेदक के हस्ताक्षर--------------**
**कार्यालय का पूरा पता-------------**
**टेलीफोन नं**
**ईमेल आई-डी**

**दिनांक :**

केसां01
15/02/2024

अनुबंध-II

**(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र)**

प्रमाणित किया जाता है कि ................................................................................ द्वारा दिया गया विवरण सही है और वे इस रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं तथा अनुभव रखते/रखती हैं।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

i. श्री/श्रीमती.................................................................. के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनिक मामला लंबित/विचारार्थ नहीं है।

ii. उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii. भारत सरकार के अवर सचिव स्तर के या उनसे उच्च स्तर के किसी अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित की गई पिछले 5 वर्षों (2018-19 से 2022-23 तक) की एपीएआर की प्रतियां संलग्न हैं।

iv. *पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है।

v. *पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है।

हस्ताक्षर:
नाम और पदनाम:
टेलिफोन नं.:
कार्यालय मुंहर:
फैक्स नं.:

स्थान:
दिनांक:
अनुलग्नकों की सूची:

1.
2.
3.
4.
5.
6.

(जो लागू न हो उसे काट दें)

केसांगा
19/02/2024